सोसाइटी आफ एडवांस्ड मैनेजमेंट स्टडीज

ग्राम भेलखा पोस्ट चमाव शिवपुर वाराणसी

बैठक प्रबंध समिति

पूर्व सूचना के अनुसार आज दिनांक 9 जनवरी 2022 को संस्था सोसायटी आफ एडवांस्ड मैनेजमेंट स्टडीज ग्राम भेलखां पोस्ट चमाव शिवपुर जिला वाराणसी की प्रबंध समिति की बैठक चेयर पर्सन श्रीमती अनीता सिंह की अध्यक्षता में संस्था द्वारा संचालित विद्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 12:00 बजे आयोजित की गई बैठक का कोरम पूर्ण रहा | सभा की कार्यवाही सभा अध्यक्ष की अनुमति से प्रारंभ की गई।

प्रस्ताव संख्या 1:- पिछली बैठक की पुष्टि पर विचार

ट्रेजरार महोदय ने सभी को पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाई जिसकी पुष्टि उपस्थित लोगो ने किया।

प्रस्ताव संख्या 2:- संस्था के विद्यालय में संचालित कोर्स के सीट पर विचार

संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राजीव कुमार सिंह जी ने यह प्रस्ताव रखा कि संस्था में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा होटल मैनेजमेंट के 4 वर्षीय कोर्स का संचालन होता है जिसमें निर्धारित सीटों की संख्या 120 है | बहुत प्रयास के बाद भी उस कोर्स में बच्चों का रुझान ठीक नहीं दिख रहा है इसलिए मैं आप सभी उपस्थित लोगों से यह निवेदन करना चाहता हूं कि कोर्स संख्या 120 से घटाकर 60 कर दिया जाए।

पुष्टि

सभा में उपस्थित प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने कोर्स के प्रति बच्चों के कम रुझान पर चिंता व्यक्त किया , उन्होंने कहा कि यदि बच्चों का रुझान कोर्स के प्रति कम है और सीटें नहीं भर पा रही हैं तो 60 सीट किया जा सकता है। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने मैनेजिंग डायरेक्टर के प्रस्ताव की पुष्टि किया |

अन्य कोई प्रस्ताव न आने के कारण आज की बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त करने की घोषणा संस्था की चेयरपर्सन द्वारा किया गया।

दिनांक :-09.01.2022

Director
Society of Advanced Management Studies

मैनेजिंग डायरेक्टर

चेयरपर्सन

Anita Singh

Chairperson
Society of Advanced Management Studies
Varanasi